# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026

## 8 July 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. हाल ही में राजस्थान के पहले एंटरप्राइज़-ग्रेड और अत्याधुनिक एआई-रेडी डेटा सेंटर का उद्घाटन कहां किया गया है?

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डेटा सेंटर्स (STT GDC इंडिया) ने जून 2026 में STT Jaipur 1 के रूप में राजस्थान के पहले एंटरप्राइज़-ग्रेड और अत्याधुनिक एआई-रेडी डेटा सेंटर का उद्घाटन किया

- यह सेंटर RIICO Industrial Area, Sitapura (Tonk Road, Jaipur) में स्थित है।
- यह सुविधा 6 मेगावाट (MW) तक के महत्वपूर्ण आईटी लोड का समर्थन कर सकती है और 95,300 वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में फैली हुई है
- एआई-क्षमता (AI-Ready): यह उच्च-घनत्व (High-Density) वाले वर्कलोड और क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर को संभालने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें उन्नत DX-आधारित CRAH कूलिंग सिस्टम शामिल हैं

**Yesterday Revision** 01. ‘विश्व की वृहद् अन्न भण्डारण योजना’ के क्रियान्वयन (implementation) में देश का कौन सा राज्य पहले स्थान पर है?

उत्तर: राजस्थान (साथ ही राजस्थान 500 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम बनाने के लिए 25 लाख रुपये तक का अनुदान देने वाला देश का एकमात्र राज्य है)।

प्रश्न 02. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती (6 जुलाई) के अवसर पर राजस्थान के कितने प्रमुख शहरों के पार्कों का नाम उनके नाम पर रखने का निर्णय लिया गया है?

उत्तर: 4 प्रमुख शहरों के (जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर)।

प्रश्न 03. राजस्थान में चोटिल या घायल पहलवानों को आर्थिक मदद देने और उन्हें दोबारा मैट पर लाने के लिए कुश्ती संघ ने कौन सी योजना शुरू की है?

उत्तर: बैक टू बाउट योजना (इसके तहत घायल पहलवानों को ₹51,000 की सहायता राशि और ‘पहलवान पेंशन’ दी जाती है)।

प्रश्न 04. औषधीय पौधों में नई तकनीकों और प्रगतियों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन राजस्थान में कहाँ आयोजित किया गया?

उत्तर: केशवरायपाटन, बूंदी में (इस सम्मेलन में बिना मिट्टी के खेती करने वाली ‘हाइड्रोपोनिक तकनीक’ पर विशेष चर्चा हुई, जिसे ‘हरित स्वर्ण’ नाम दिया गया)।

प्रश्न 05. हाल ही में आयोजित हुई राज्य स्तरीय सब जूनियर तैराकी चैंपियनशिप (Sub Junior Swimming Championship) में कौन सी टीम ओवरऑल चैंपियन बनी?

उत्तर: जयपुर (जयपुर ने 187 अंकों के साथ यह चैंपियनशिप जीती)।

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) राज्य सरकार के खान एवं पेट्रोलियम विभाग ने उदयपुर की भींडर तहसील के 10 वर्ग किलोमीटर (6250 बीघा से अधिक) क्षेत्र को अगले 5 साल के लिए पूरी तरह रिजर्व कर दिया है।।

(B) उदयपुर के इस विशेष बेल्ट (जैसे निवानिया क्षेत्र) में कार्बोनेटाइट चट्टानें पाई जाती हैं

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान के उदयपुर जिले में परमाणु खनिजों का बड़ा भंडार मिलने की उम्मीद है। इसे देखते हुए राज्य सरकार के खान एवं पेट्रोलियम विभाग ने उदयपुर की भींडर तहसील के 10 वर्ग किलोमीटर (6250 बीघा से अधिक) क्षेत्र को अगले 5 साल के लिए पूरी तरह रिजर्व कर दिया है।
- अब इस पूरे इलाके में केवल 'परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय' ही विस्तृत सर्वे और खोज का काम करेगा।
- परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय (एएमडी) देश भर में परमाणु ऊर्जा और बिजली बनाने के लिए जरूरी रेडियोधर्मी खनिजों की खोज करता है।
- उदयपुर के इस विशेष बेल्ट (जैसे निवानिया क्षेत्र) में कार्बोनेटाइट चट्टानें पाई जाती हैं, जिनमें प्राकृतिक रूप से यूरेनियम, थोरियम और अन्य महत्वपूर्ण रेडियोधर्मी पदार्थों की सांद्रता होने की उच्च संभावना होती है।

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) राजस्थान-हरियाणा यमुना वाटर परियोजना-SPV' (RHYW-SPV) यानी स्पेशल पर्पस व्हीकल (Special Purpose Vehicle) का गठन किया जाएगा।

(B) यह समझौता शेखावाटी क्षेत्र (चूरू, सीकर और झुंझुनूं) की 32 साल पुरानी पानी की किल्लत को हमेशा के लिए खत्म करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- यमुना जल परियोजना के सुचारू निर्माण, क्रियान्वयन और संचालन के लिए एक विशेष समर्पित निकाय 'राजस्थान-हरियाणा यमुना वाटर परियोजना-SPV' (RHYW-SPV) यानी स्पेशल पर्पस व्हीकल (Special Purpose Vehicle) का गठन किया जाएगा।
- जून 2026 में राजस्थान और हरियाणा सरकार के बीच हुए ऐतिहासिक यमुना जल समझौते के तहत इस विशेष वाहन (SPV) को मंजूरी दी गई है।
- इस ₹34,102 करोड़ की विशाल यमुना जल परियोजना (जिसमें 295.5 किमी लंबी पाइपलाइन शामिल है) के निष्पादन, संचालन और रखरखाव की निगरानी करना।
- यह समझौता शेखावाटी क्षेत्र (चूरू, सीकर और झुंझुनूं) की 32 साल पुरानी पानी की किल्लत को हमेशा के लिए खत्म करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

**03. राजस्थान के जयपुर में 4 से 6 दिसंबर 2026 तक लोकमंथन का कौनसा संस्करण आयोजित किया जाएगा?**

(A) 7वां

(B) 5वां

(C) 8वां

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान के जयपुर में 4 से 6 दिसंबर 2026 तक आयोजित होने वाले 'लोकमंथन' के 5वें संस्करण की मुख्य थीम "हम भारत के लोग" (We the People of Bharat) निर्धारित की गई है।
- वर्ष 2016 में उपनिवेशवाद से मुक्ति की थीम के साथ शुरू हुए, लोकमंथन के पांचवें संस्करण का राजस्थान में आयोजन होगा
- यह आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा, कला, और लोक संस्कृति को बढ़ावा देने वाला एक बड़ा मंच है।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) की रिपोर्ट के अनुसार 10 लाख से अधिक आबादी वाले 46 शहरों में प्रति कर्मचारी औसत वार्षिक वेतन के मामले में जयपुर देश में प्रथम स्थान पर रहा।

(2) रोजगार देने के मामले में जयपुर देश में 6वें स्थान पर रहा

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- एनएसओ रिपोर्ट राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) की रिपोर्ट के अनुसार 10 लाख से अधिक आबादी वाले 46 शहरों में प्रति कर्मचारी औसत वार्षिक वेतन के मामले में जयपुर देश में प्रथम स्थान पर रहा।
- रोजगार देने के मामले में जयपुर देश में 6वें स्थान पर रहा।
- प्रति कर्मचारी सकल मूल्यवर्धन (GVA) के मामले में जयपुर का 12वां स्थान रहा।

**05. राजस्थान में जयपुर जिले के किस गांव में सहकार वन' विकसित किया जाएगा?**

(A) दादिया गांव

(B) सुमेल गांव

(C) चाकसू गांव

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- सहकारिता मंत्रालय के 5वें स्थापना दिवस पर जयपुर के सुमेल गांव में 64 एकड़ भूमि पर 'सहकार वन' विकसित करने का ई-भूमि पूजन किया गया।
- इस वन में स्थानीय जलवायु के अनुकूल खेजड़ी, रोहिडा, नीम जैसे देशी पौधे लगाए जाएंगे
- सहकारिता मंत्रालय का 5वां स्थापना दिवस 6 जुलाई 2026 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में मनाया गया।
- समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सहकारी आंदोलन को मजबूत करने और किसानों को जैविक उत्पादन बढ़ाने के लिए कई प्रमुख डिजिटल और बुनियादी ढांचा पहलों का शुभारंभ किया।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

जयपुर, सोमवार, 06 जुलाई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-137

1. **यमुना** जल परियोजना के निर्माण एवं सुचारू संचालन के लिए किस का गठन किया जाएगा?
(A) शेखावाटी-यमुना जल निगम लिमिटेड
(B) राजस्थान हरियाणा यमुना वाटर एसपीवी
(C) राष्ट्रीय यमुना जल प्रबंधन प्राधिकरण
(D) राज-हरि जल विकास बोर्ड

2. **मुख्यमंत्री** भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में 2 जुलाई, 2026 को 'वीबी जी राम जी योजना' का राज्य स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम किस जिले में हुआ?
(A) अजमेर (B) ब्यावर
(C) जयपुर (D) डीग

3. **राजस्थान** में आयोजित होने जा रहे 'लोकमंथन' के 5वें संस्करण की मुख्य थीम क्या निर्धारित की गई है?
(A) उपनिवेशवाद से मुक्ति
(B) वसुधैव कुटुम्बकम् और भारत
(C) हम भारत के लोग
(D) एक भारत श्रेष्ठ भारत

4. **राजस्थान** मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड का प्रशासनिक स्वरूप क्या है?
(A) पूर्णत: राजस्थान सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी
(B) भारत और राजस्थान सरकार की 50:50 साझेदारी वाली संयुक्त कंपनी
(C) पीपीपी मॉडल पर निजी स्वामित्व वाली संस्था
(D) दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की एक सहायक शाखा

5. **पंच** गौरव योजना में एक जिला-एक उत्पाद के तहत सवाई माधोपुर जिले का उत्पाद कौन सा है?
(A) बीकानेरी नमकीन
(B) मार्बल के उत्पाद
(C) लकड़ी के उत्पाद
(D) सरसों तेल

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में पहलवानों के लिए राजस्थान राज्य कुश्ती संघ द्वारा कौनसी योजना शुरू की गई है ?**

(A) बैक टू बाउट योजना

(B) राज पहल योजना

(C) वर्क बैंक योजना

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine